**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–26 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- वाराणसी के राजर्षि उदय प्रताप सिंह कॉलेज के एक सौ पचपनवें स्थापना दिवस समारोह में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ– तकनीकी शिक्षा को अवसर के रूप में लें युवा।
- पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने लखनऊ से दुधवा के लिये हवाई सेवा का किया शुभारंभ।
- संभल हिंसा मामले में सपा सांसद और विधायक के पुत्र सहित सत्ताइस सौ से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज। हिरासत में लिये गये पच्चीस लोग।
- उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का परीक्षा कार्यक्रम हुआ जारी। सत्ताइस फरवरी से बारह मार्च तक होंगी परीक्षायें।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि युवाओं को तकनीकी शिक्षा को अवसर के रूप में लेना चाहिए ताकि बदलते युग में हम देश को विकसित राष्ट्र बना सकें। श्री योगी ने कल वाराणसी के राजर्षि उदय प्रताप सिंह कॉलेज के एक सौ पचपनवें स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति की उपेक्षा कर के कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि युवाओं और शिक्षण संस्थानों को समय के साथ खुद को तैयार करना होगा और बदलते परिवेश में शिक्षा में तकनीक का समावेश करना होगा।

***युवा शक्ति की उपेक्षा करके कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता। उन्हें आगे बढ़ने के लिए उचित अवसर देने होंगे। उनके आगे बढ़ने की संभावना को हम बाधित नहीं कर सकते। दुनिया के अंदर किसी भी देश ने प्रगति तब तक नहीं की है। वह देश कभी आगे नहीं बढ़ा है। जिस देश की युवा शक्ति कुंठित हो जहाँ की युवा शक्ति दिग्भ्रमित हो और इसीलिए जब भी परिवर्तन हुआ है, भविष्य में भी जब भी परिवर्तन होगा हमारी युवा शक्ति करेगी और उस युवा शक्ति के केंद्र बिंदु के रूप में हमारे संस्थानों को अपने आप को तैयार करना होगा।***

इस अवसर पर प्रदेश के राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम कर रही है और हर जिले में विश्वविद्यालय बनाये जा रहे हैं।

**********

प्रदेश में इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कल पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से लखीमपुर स्थित दुधवा नेशनल पार्क के लिए हवाई सेवा का शुभारंभ किया। वहीं उन्होंने लखीमपुर स्थित दुधवा नेशनल पार्क में तराई की मिट्टी का उत्सव 'लखीमपुर महोत्सव' की भी शुरूआत की। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रमुख ईको पर्यटन क्षेत्रों में एयर कनेक्टिविटी सेवाओं को मजबूत कर रही है। उन्होंने लखनऊ से दुधवा के बीच हेलीकाप्टर सेवा का जिक्र करते हुए कहा कि पर्यटकों को यह सुविधा प्रति सैलानी महज पांच हजार रूपये में मुहैया होगी और वह पैंतालीस मिनट में दुधवा राष्ट्रीय उद्यान पहुंच सकेंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि सैलानियों को यह सुविधा हफ्ते में चार दिन मिलेगी।

**********

जामा मस्जिद सर्वे को लेकर सम्भल में हुयी हिंसा के मामले में पुलिस प्रशासन ने सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और स्थानीय विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने कल बर्क और इकबाल सहित छः लोगों के खिलाफ नामजद और सत्ताइस सौ पचास अज्ञात लोगों पर कुल सात एफआईआर दर्ज की। अब तक पच्चीस लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रशासन ने तीस नवम्बर तक जिले में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। सम्भल तहसील में इंटरनेट सेवा और स्कूलों को आज भी एहतियातन बन्द रखने का निर्णय लिया गया है। पूरे मामले की मजिस्ट्रेट से जांच के आदेश दिये गये हैं। जिला पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सांसद बर्क के पहले दिये गये भड़काऊ बयान के कारण उन पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उनके बयान से ही स्थिति बिगड़ी। जिलाधिकारी राजेन्द्र पेंसिया ने कहा है कि जिले में लोगों के जमा होने पर अभी रोक है, बाहरी लोगों, संगठनों और जनप्रतिनिधियों का प्रवेश भी प्रतिबंधित है। इसका उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाइ की जायेगी।

उधर, सम्भल हिंसा मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट से दखल देने की मांग करते हुए घटना को भाजपा की साजिश बताया है। वहीं, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ दर्ज मुकदमें में दखल का आग्रह किया। प्रदेश विधानसभा में सपा के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमण्डल आज सम्भल जाकर मामले की जांच करेगा।

**********

आगामी जनवरी महीने में प्रयागराज में होने जा रहे 'महाकुंभ' के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। इस बारे में नगर आयुक्त चन्द्रभूषण गर्ग ने आकाशवाणी संवाददाता सुशील चन्द्र तिवारी को बताया।

*मॉनिटरिंग पर्पज के लिए जितने हमारे कंट्रोल रूम के कैमरा है एआईए इसके अलावा हम लोगों ने शहर में डेढ़ सौ सुपरवाइजर और भी हायर किए हैं। साथ ही साथ हम लोगों ने पचास डिप्लोमा होल्डर्स और स्किल्ड लोगों को भी हायर किया हुआ है ताकि रेगुलरली डिपार्टमेंट वाइस हमने ......कर दिए हैं कि आपके सारे स्ट्रीट लाइटिंग जलती रहे कहीं कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। आपके शहर में सीवर या वाटर लीकेज की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। शहर के अंदर कहीं विजिबल वेस्ट नहीं होना चाहिए। हमारे पब्लिक टॉयलेट रेगुलरली क्लीन अप होने चाहिए। तो सेगमेंट वाइस हमने टीम्स ब्रेक कर करके ये इंश्योर किया हुआ है।*

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का परीक्षा कार्यक्रम भी कल जारी कर दिया गया। पूर्व मध्यमा द्वितीय यानी हाईस्कूल, उत्तर मध्यमा प्रथम यानी कक्षा ग्यारह और उत्तर मध्यमा द्वितीय यानी कक्षा बारह की परीक्षायें अगले वर्ष सत्ताइस फरवरी से बारह मार्च तक आयोजित की जायेंगी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के सचिव शिवलाल के मुताबिक परीक्षायें कुल नौ दिनों में सम्पन्न करायी जायेंगी, जो दो पालियों में होंगी।

**********

केन्द्र सरकार ने संविधान को अपनाने की पचहत्तरवीं वर्षगांठ मनाने के लिए अभियान चलाने की घोषणा की है। यह अभियान देश भर में आज से  आगामी छब्बीस नवम्बर दो हजार पच्चीस तक चलेगा। संसदीय कार्यमंत्री किरन रिजिजू ने नई दिल्ली में कहा कि इस सिलसिले में संविधान सदन के सेंट्रल हाल में भव्य समारोह का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने इस अभियान के क्रम में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों से भाग लेने का आह्वान किया है।

इधर प्रदेश में संविधान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का सिलसिला शुरू हो गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में लखनऊ स्थित बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में कल एक रैली निकाली गई। विधि विभाग की प्रमुख प्रोफेसर सुदर्शन वर्मा ने आकाशवाणी को बताया–

***इस बार हम विश्वविद्यालय में 75वां संविधान दिवस सेलिब्रेट करने के लिए कई सारे प्रोग्राम कर रहे हैं जिसकी शुरूआत आज 25 नवम्बर से ही कर दी गयी है। एक मार्च पास्ट निकाला और इस मार्च पास्ट का उद्देश्य हमारे विश्वविद्यालय में जो टीचर्स हैं, जो छात्र हैं अन्य विभागों के उनको संविधान दिवस के बारे में अवगत कराना और उनको ये जानकारी देना कि हमारे संविधान में हमारे संविधान निर्माताओं ने किस तरह से मेहनत करके इतना अच्छा संविधान बनाया है।***

केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जय सिंह ने बताया कि इस दौरान क्विज प्रतियोगिता और सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे।

**********

प्रदूषण बढ़ने की वजह से गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर के जिला प्रशासन ने स्कूलों में आज भी अवकाश को बढ़ा दिया है। गाजियाबाद के जिलाधिकारी ने अग्रिम आदेश तक स्कूलों को बन्द रखने का आदेश जारी किया है साथ ही स्कूल प्रबंधन को ऑनलाइन कक्षायें जारी रखने को कहा है।

**********

प्रदेश में दो अलग–अलग सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गये। हरदोई जिले के मल्लावां इलाके में गौरी चौराहे के पास कल सुबह एक कार और बस की आमने–सामने टक्कर की में पांच लोगों की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को लखनऊ ट्रामा सेन्टर भेज दिया गया है। सभी कार सवार कानपुर में शादी में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। वहीं पीलीभीत जिले के गजरौला में कोहरे की वजह से ट्रक और यात्री बस की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और चार लोग जख़्मी हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में मौत का शिकार हुए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं और अधिकारियों को घायलों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है।

**********